# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**11.07.2024** **1945 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी सौर ऊर्जा परियोजनाएं।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर मुख्यमंत्री की खामोशी को चिंताजनक करार दिया।
- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में हिमाचल सर्वश्रेष्ठ राज्य के पुरस्कार से सम्मानित।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– सबको समान शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सौर परियोजनाएं हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री आज ऊना जिला के गगरेट विधानसभा क्षेत्र में बनने वाली पांच मेगावॉट की भंजाल सौर ऊर्जा परियोजना और आधुनिक मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र दियोली के शिलान्यास के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार सौर ऊर्जा दोहन पर विशेष ध्यान दे रही है और ऊर्जा निगम को दो सौ मेगावॉट सौर ऊर्जा दोहन का लक्ष्य दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए राज्य सरकार कड़े फैसले लेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने पहले बजट में प्रदेश को 31 मार्च 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की खामोशी को चिंताजनक करार दिया है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं और आयकर व ईडी के राडार पर आए कारोबारियों से भी मुख्यमंत्री के नज़दीकी संबंध हैं। इसके बावजूद मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर कोई बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास पूरी तरह से थम चुका है। इसके बावजूद सरकार कर्ज पर कर्ज लिए जा रही है। उन्होंने सरकार से पूछा की जब विकास ही नहीं करना है तो कर्ज क्यों लिया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने सरकार पर बागवानों के हितों की अनदेखी करने का भी अरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि बागवानों के पास बचे टेलिस्कोपिक कार्टन को सरकार खरीदे। नेता प्रतिपक्ष ने ये भी पूछा कि बागवानों द्वारा अपने उत्पादों की कीमत खुद तय करने की कांग्रेस की गारंटी का क्या हुआ। उन्होंने पूछा कि सरकार इस गारंटी को कब पूरा करने जा रही है।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने विभाग को प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों के लिए आधुनिक मशीनरी और उपकरण खरीदने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। शांडिल ने आज शिमला में विभाग की विशेष उच्च स्तरीय खरीद समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को समय पर उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नवजात शिशुओं के लिए बेबी केयर किट खरीदने के लिए निविदा जारी करने का मंजूरी दे दी गई है।

**रोहित ठाकुर**

प्रदेश सरकार राज्य में कम छात्र संख्या वाले लगभग सात सौ सरकारी स्कूलों का दूसरे नज़दीकी सरकारी स्कूलों में विलय करेगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला में कहा कि सरकार ने कम छात्र संख्या वाले ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर लिया है। इन स्कूलों का विलय इनके आसपास के ही एक से दो किलोमीटर के दायरे में स्थित स्कूलों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश के दौर पर आए 16वें वित्त आयोग ने भी इसी तरह का सुझाव दिया था। इन स्कूलों में नियुक्त शिक्षकों व कर्मचारियों को अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में नियुक्त किया जाएगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में इस समय सरकारी क्षेत्र में प्राइमरी से लेकर सीनियर सकेंडरी तक 16 हज़ार स्कूल चल रहे हैं।

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने नवोन्मेशी प्रयासों के साथ प्रतिस्पर्धात्मक कार्य प्रणाली अपनाने पर जोर दिया है। धर्माणी ने आज शिमला में हिमुडा निदेशक मंडल की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिमुडा सतत और समावेशी शहरी विकास के दृष्टिगत नवाचार अपनाकर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने हिमुडा की परिसंपत्तियों की जियो टेगिंग करने और हिमुडा के ग्राहकों के सुझावों के अनुरूप निर्णय लेने पर भी जोर दिया। धर्माणी ने अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में शिमला की भीड़–भाड़ को कम करने के लिए जाठिया देवी में बनने वाली मांउटेन सिटी परियोजना की भी समीक्षा की गई। धर्माणी ने कहा कि इस योजना के कार्यान्वयन के लिए जल्द ही मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।

**मणिमहेश मार्ग**

भरमौर के एसडीएम कुलबीर सिंह राणा ने कहा है कि भरमौर मणिमहेश मार्ग पूरी तरह बहाल है और इस संबंध में दुनाली नामक स्थान पर भूस्खलन के कारण मार्ग के बंद होने के बारे में सभी खबरें झूठी है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर

हड़सर से धनछो के बीच दुनाली नामक स्थान नाले के दाएं तट पर है जबकि मणिमहेश के लिए जाने वाला रासता बाएं तट पर है। उन्होंने कहा कि जिस रास्ते पर भूस्खलन हुआ है वह पिछले साल से ही आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है।

**पुरस्कार**

हिमाचल प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवोन्मेशी पहल व उल्लेखनीय कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार ऐग्रीकल्चर टूडे ग्रुप द्वारा आयोजित एग्रीकल्चर लीडरशिप कनक्लेव में केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदान किया। प्रदेश की ओर से यह पुरस्कार आवासीय आयुक्त मीरा मोहन्ती ने प्राप्त किया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों और नीतियों के सफल कार्यान्वयन से प्रदेश के लाखों किसानों और ग्रामीणों के जीवन में साकारात्मक बदलाव आए हैं और उनकी आर्थिकी सुदृढ़ हुई है।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सबको समान शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है और शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ओखरू में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के छात्र–छात्राओं की तीन दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित भी किया। प्रतियोगिता में 18 स्कूलों के 4 सौ 22 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षा में गुणवत्ता के साथ–साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए

उन्हें खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने इस मौके पर माकड़ी सड़क को चौड़ा व पक्का करने के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की।

**किशोरी लाल**

मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने आज बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के छोटा भंगाल क्षेत्र को बीड़ बिलिंग से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। किशोरी लाल ने इस मौके पर कहा कि नौ करोड़ रूपए की लागत से बन रही बीड़–बिलिंग राजगुन्दा–बरोट सड़क का निर्माण कार्य इसी साल सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से बैजनाथ से बरोट की दुरी 80 किलोमीटर से घटकर 38 किलोमीटर रह जाएगी।

**विवरणियों**

हिमाचल प्रदेश प्रधान महालेखाकार कार्यालय में प्रदेश सरकार के सामान्य भविष्य निधि अभिदाताओं की वर्ष 2023–24 की वार्षिक विवरणियां व्यक्तिगत तौर पर अभिदाताओं को सौंपने के बजाए प्रदेश सरकार की वैबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट हिमकोष डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध करवा दी हैं। उपमहालेखाकार फंडस ने सभी अहरण एवं संवितरण अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे उनके कार्यालय में कार्यरत्त कर्मचारियों की वार्षिक जीपीएफ विवरणियों को इस वैबसाइट से डाउनलोड करें। उन्होंने सभी अहरण व संवितरण अधिकारियों से ये भी आग्रह किया है कि वे अपने कार्य क्षेत्र में आने वाले सभी कर्मचारियों की वर्ष 2023–24 की जीपीएफ स्टेटमैंट के बैलेंस को अपने वेतन बिल रजिस्टर में आवश्यक एंट्री करने के बाद सभी कर्मचारियों को यथाशीघ्र प्रदान करना सुनिश्चित करें और इसकी अनुपालना महालेखाकार कार्यालय को दें।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून पिछले कुछ दिनों से कमजोर बना हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर मॉनसून की वर्षा हुई। इस दौरान कसौली में 38, पावंटा में 22, नाहन में 13, धर्मशाला में 10 और सराहन में 6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मॉनसून की वर्षा में कमी के चलते प्रदेश में इन दिनों अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि आज से प्रदेश में मानसून फिर से सक्रिय होगा। विभाग ने 13 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी सौर ऊर्जा परियोजनाएं।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर मुख्यमंत्री की खामोशी को चिंताजनक करार दिया।
- खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में हिमाचल सर्वश्रेष्ठ राज्य के पुरस्कार से सम्मानित।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– सबको समान शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता।